दिन– शुक्रवार

दिनांक– 08 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे के बाद अधिकांश मंत्रियों ने कार्यभार संभाला।

02 विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य मंत्रिमंडल में परिवारवाद को तरजीह देने का आरोप लगाया।

03. शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन शीघ्र जारी करने की मांग को लेकर पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज।

04. और, केंद्र सरकार ने बिहार में लीची की फसल को कीड़ों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एक विशेषज्ञ कार्यबल का गठन किया।

---

प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे के बाद अधिकांश मंत्रियों ने आज कार्यभार संभाल लिया है। भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि विभाग के लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए ठोस कार्यनीति बनाई जाएगी।

––साउंड बाइट––

सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद श्रवण कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने भी कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वे ईमानदारी से काम करेंगे।

––साउंड बाइट––

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

––साउंड बाइट––

कला और संस्कृति विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि अश्लील गानों पर रोक लगाई जाएगी।

——साउंड बाइट——

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने भी अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन और पलायन रोकने को अपनी प्राथमिकता बताया।

——साउंड बाइट——

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सात–निश्चय तीन के तहत तय संकल्पों को पूरा करने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा।

——साउंड बाइट——

इधर, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह और समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता समेत कई अन्य मंत्रियों ने भी कार्यभार संभाल लिया है।

———————————————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य मंत्रिमंडल में परिवारवाद को तरजीह देने का आरोप लगाया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने बताया कि नये मंत्रिमंडल में सत्रह मंत्री परिवारवाद से आते हैं।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

भाजपा के सुवेन्दु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री होंगे। आज कोलकाता में पार्टी विधायक दल की बैठक में श्री अधिकारी को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके नाम की घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने चुनाव बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया है।

———————————————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन जल्द से जल्द जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का जत्था पटना कॉलेज से बीपीएससी ऑफिस की तरफ बढ़ रहा था, तभी जे.पी. गोलम्बर के पास पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे, जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया। लाठी चार्ज में कई प्रदर्शनकारी छात्र घायल हो गए। प्रदर्शनकारी छात्रों ने टीआरई फोर को लेकर सरकार पर टाल–मटोल की नीति अपनाने का आरोप लगाया।

––साउंड बाइट––

इस बीच, नवनियुक्त शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरकार सभी लंबित परीक्षाओं का जल्द से जल्द आयोजन करेगी। उन्होंने छात्रों से आंदोलन नहीं करने की अपील की है।

––साउंड बाइट––

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने टीआरई– फोर के अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस सरकार में ने तो जनता की कोई सुनवाई हो रही है और न ही अपराधियों पर ही कोई कार्रवाई हो रही है।

————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की घटना की निंदा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पासवान ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का बातचीत से समाधान किया जाना चाहिए।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार में लीची की फसल को कीड़ों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एक विशेषज्ञ कार्यबल का गठन किया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्यबल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निवारण उपायों के लिए अनुशंसाओं के साथ रिपोर्ट जमा करेगा। मुजफ्फरपुर के राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक को इस पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह कार्यबल राज्य और केंद्रीय स्तर पर आवश्यक हस्तक्षेपों का सुझाव देने के अलावा आवश्यक परामर्श और किसानों के लिए विस्तारित गतिविधियों की सिफारिश भी करेगा।

इस कार्यबल को एक सप्ताह के भीतर केंद्रीय कृषि मंत्री को अपनी रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि उत्तर कोयल नहर परियोजना से औरंगाबाद, गया और अरवल जिले में जल्द ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। श्री कुमार परियोजना के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद मदनपुर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। आज पटना, वैशाली, सारण, सीवान, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आंधी में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गए। इसके चलते आवागमन और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुयी है। इस बीच, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने कहा है कि नालंदा, गयाजी और बोधगया कॉरिडोर भारतीयता की पहचान है। श्री हसनैन आज बोधगया में धर्म संस्कृति संगम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक

अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है।

———————————————————————

सहरसा जिले के सौर बाजार प्रखंड के सहुरिया पंचायत स्थित कन्या मध्य विद्यालय, मूरचा में मध्याह्न भोजन खाने से दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत खराब हो गयी। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत के बाद सौर बाजार पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कल भी जिले के एक विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने से तीन सौ से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि मामले के हर बिंदु की जांच की जा रही है।

———————————————————————

मुंगेर जिले की ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस ने चार सौ पचास ग्राम ब्राउन शुगर और लगभग सौ ग्राम व्हाइट ड्रग्स के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सुपौल के कुनौली बॉर्डर पर एसएसबी और पुलिस की टीम ने चालीस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ नौ तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

वहीं, गया जिले के मानपुर–गेरे रोड स्थित एक घर में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर नौ सौ पैंतीस बोतल शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पशु तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक सौ छियालीस पशुओं के साथ पांच ट्रक को जब्त किया गया। साथ ही सात पशु तस्करों को गिरफ्तारी हुयी है।

———————————————————————

रोहतास जिले के परथुआ थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के बंटवारे के बाद अधिकांश मंत्रियों ने कार्यभार संभाला।

02 विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य मंत्रिमंडल में परिवारवाद को तरजीह देने का आरोप लगाया।

03. शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन शीघ्र जारी करने की मांग को लेकर पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज।

04. और, केंद्र सरकार ने बिहार में लीची की फसल को कीड़ों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एक विशेषज्ञ कार्यबल का गठन किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।